प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 09.03.2026   समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–केयरगिवर्स की बढ़ती वैश्विक मांग देश के लाखों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा कर रही हैं

- विधानसभा ने राजस्थान पंचायती राज संशोधन विधेयक 2026 ध्वनिमत से पारित कियां

- खेजडी और अन्य महत्वपूर्ण वृक्षों के संरक्षण के लिए सख्त कानून बनाने को लेकर गठित उच्च स्तरीय समिति की आज पहली बैठक हुईं

- राज्य के कुछ स्थानों पर पारा 40 डिग्री पार–कल और परसों दक्षिण पश्चिमी इलाकों में लू चलने की चेतावनीं

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले कुछ वर्षों में भारत का स्वास्थ्य ढांचा और मजबूत हुआ हैं 'सबका साथ सबका विकास दृ जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति' विषय पर बजट उपरांत वेबिनार को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति सरकार की प्रतिबद्धता हैं प्रधानमंत्री ने कहा कि केयरगिवर्स की बढ़ती वैश्विक मांग देश के लाखों युवाओं के लिए कौशल आधारित रोजगार के नए अवसर पैदा कर रही हैं

.....

00000

विधानसभा ने आज राजस्थान पंचायती राज संशोधन विधेयक 2026 ध्वनिमत से पारित कर दियां सदन में इस विधेयक पर बहस के दौरान पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि पंचायत चुनाव लड़ने के लिए दो से अधिक बच्चों की शर्त अब अप्रासंगिक हो चुकी हैं उन्होंने बताया कि यह प्रावधान वर्ष 1995 में जनसंख्या नियंत्रण के उद्देश्य से लागू किया गया था, लेकिन वर्तमान समय में जनसंख्या वृद्धि दर में कमी और बढ़ती जागरूकता के कारण इसकी आवश्यकता नहीं रहीं मंत्री ने कहा कि इस नियम के कारण कई अनुभवी और योग्य जनप्रतिनिधि चुनाव लड़ने से वंचित रह जाते थे, इसलिए संशोधन के माध्यम से उन्हें अवसर देने का निर्णय लिया गया हैं सदन ने आज राजस्थान आयुर्वेद योग और प्राकृतिक चिकित्सा विश्वविद्यालय अजमेर विधेयक–2026 भी ध्वनिमत से पारित कर दियां विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए आयुष मंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि यह संस्थान आने वाले समय में राजस्थान को योग और आयुर्वेद के क्षेत्र में वैश्विक पहचान दिलाएगां उन्होंने बताया कि इस विश्वविद्यालय की स्थापना से प्रदेश में पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा मिलेगां

....

कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने आज विधानसभा में प्रश्नकाल में बताया कि प्रदेश में कृषि आदानों की वार्षिक जांच क्षमता को उनसठ हजार से बढ़ाकर अब छिहत्तर हजार दो सौ पचास कर दिया गया हैं उन्होंने बताया कि अब तक दो हजार दो सौ बीस नमूने अमानक पाए गए हैं, जिनमें से एक सौ सत्रह मामलों में एफ–आई–आर दर्ज की जा चुकी हैं उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान में अमानक कृषि सामग्री के लिए किसानों को क्षतिपूर्ति देने का प्रावधान नहीं हैं विभाग द्वारा फसल मौसम से पहले विशेष अभियान चलाकर गुणवत्ता सुनिश्चित की जा रही हैं

00000

राजस्व मंत्री हेमंत मीणा ने आज विधानसभा में बताया कि पंवार समिति की सर्वे रिपोर्ट मिलने के बाद प्रदेश में नई राजस्व इकाइयों के गठन और वर्तमान इकाइयों में संशोधन की कार्यवाही की जाएगीं उन्होंने आज प्रश्नकाल में ये जानकारी दीं

00000

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि प्रदेश के महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में शिक्षकों के पद आवश्यकतानुसार सृजित किए गए हैं श्री दिलावर ने आज विधानसभा में बताया कि पिछली सरकार ने बड़ी संख्या में स्कूलों को अंग्रेजी माध्यम में रूपांतरित तो कर दिया था, लेकिन वहां शिक्षकों के पद सृजित नहीं किए थें उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार अब इस स्थिति में सुधार कर रही है और साक्षात्कार के माध्यम से योग्य शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही हैं

0000

प्रदेश में खेजड़ी और अन्य महत्वपूर्ण वृक्षों के संरक्षण के लिए नया कानून बनाने के संबंध में गठित उच्च स्तरीय समिति की पहली बैठक आज संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल की अध्यक्षता में आयोजित की गईं समिति ने 'वृक्ष संरक्षण विधेयक' के प्रारूप पर चर्चा करते हुए अन्य राज्यों के कानूनों का तुलनात्मक अध्ययन कियां प्रस्तावित कानून के तहत कृषि भूमि के साथ–साथ अब आवंटित, रूपांतरित और आबादी वाली गैर–कृषि भूमियों पर भी वृक्षों के संरक्षण के लिए कठोर प्रावधान किए जाएंगें इसके लागू होने के बाद बहुत जरूरी होने पर ही संबंधित अधिकारी की अनुमति लेकर वृक्ष हटाए जा सकेंगें विधेयक के प्रारूप को अंतिम रूप देने के लिए समिति की अगली बैठक 11 मार्च को आयोजित की जाएगीं

00000

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने आज कुनो राष्ट्रीय उद्यान में मादा चीता ज्वाला के पांच शावकों के जन्म की जानकारी दीं सोशल मीडिया पोस्ट में श्री यादव ने कहा कि इससे भारत में जन्मे शावकों की संख्या 33 हो गई हैं श्री यादव ने इसे देश के चीता संरक्षण अभियान में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि बतायां उन्होंने बताया कि भारत में चीतों की कुल संख्या अब 53 हो गई हैं

0000

मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से लाई गई बाघिन एमटी–10 को आज कोटा के मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में छोड़ा गया हैं करीब साढ़े तीन साल की इस बाघिन को पिछले महीने 28 फरवरी को कोटा लाया गया थां टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर सुगनाराम जाट ने बताया कि बाघिन को पहले झामरा वैली में एक हेक्टेयर के सॉफ्ट रिलीज एनक्लोजर में रखा गया था, जिससे वह नए वातावरण के अनुकूल ढल सकें एनक्लोजर में बाघिन की गतिविधियों और शिकार की क्षमता की मॉनिटरिंग की गईं अनुकूल स्थिति पाए जाने पर अब गेट खोल दिया गया है और बाघिन स्वतंत्र रूप से झामरा वैली क्षेत्र में विचरण कर रही हैं इंटर स्टेट टाइगर रीलोकेशन प्रोजेक्ट के तहत ये प्रदेश में दूसरा बाघिन ट्रांसफर हैं

00000

राज्य में इस बार मार्च में ही पारा 40 डिग्री को पार कर गया हैं पिछले 24 घंटों में पिलानी 40 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस के साथ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहां वर्तमान में प्रदेश के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान सामान्य से 5 से 10 डिग्री अधिक बना हुआ हैं बढ़ती गर्मी के कारण जनजीवन प्रभावित होने लगा हैं बाड़मेर में तेज धूप के चलते मौसमी बीमारियों के मामले बढ़ रहे हैं, वहीं सिरोही में दोपहर के समय बाजारों में आवाजाही कम हो गई हैं सवाई माधोपुर में सुबह की हल्की ठंड के बाद दिन चढ़ते ही गर्मी का अहसास बढ़ रहा हैं इस बीच मौसम विभाग ने कल और परसों प्रदेश के दक्षिण पश्चिमी इलाकों में लू चलने की चेतावनी जारी की हैं

0000

पाली जिले की सोजत नगर पालिका कचरा संग्रहण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए क्यू–आर कोड आधारित वेस्ट ट्रैकिंग सिस्टम लागू करेगीं नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अचल सिंह गुर्जर ने बताया कि इस नवाचार के तहत प्रत्येक घर और व्यावसायिक प्रतिष्ठान पर एक यूनिक क्यू–आर कोड लगाया जाएगां अधिशासी अधिकारी ने बताया कि इस व्यवस्था के जरिए कचरा संग्रहण की डिजिटल मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा सकेगीं

....

0000

युवा संगम के छठे चरण के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया वर्तमान में जारी हैं 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान के तहत अठारह से तीस वर्ष के युवा शिक्षा मंत्रालय के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं प्रदेश में जयपुर के मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान को छठे चरण का नोडल संस्थान

बनाया गया हैं चयनित युवाओं को दूसरे राज्य की पांच से सात दिनों की सांस्कृतिक यात्रा पर जाने का अवसर मिलेगां इच्छुक प्रतिभागी आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं

000

अजमेर जिले की महिला किसानों का एक दल आज अन्तरराज्यीय भ्रमण पर रवाना हुआं 'आत्मा' योजना के अन्तर्गत कृषि विभाग की उप निदेशक उषा चितारा ने इस दल को हरी झंडी दिखाई इस दल में जिले की विभिन्न पंचायत समितियों की महिला किसान शामिल हैं भ्रमण के दौरान यह दल राजसमन्द, उदयपुर, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़ और भीलवाड़ा स्थित कृषि विज्ञान केन्द्रों का दौरा करेगां जहाँ महिला किसानों के खेती की तकनीकों, जैविक कृषि, बीज किस्मों और पशुपालन से जुड़ी जानकारी दी जायेगीं

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 मार्च को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगें ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 132वीं कड़ी होगीं इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं ये सुझाव 27 मार्च तक स्वीकार किए जाएंगें

0000